kSt. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Text : (2nd Term) **(Answer Worksheet –16)** **Date: 01.10.2020**
Topic: अपना भरोसा **Class -3**

निम्न प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 गाय ने खरगोश की बात का क्या उत्तर दिया ?

उ- खरगोश की बात सुनकर गाय ने कहा कि कुत्ता बहुत तगड़ा और फुर्तीला है | उसने खुद अपनी आँखों से देखा है | यदि उसका वार चूक गया तो वह उसे नोच खायेगा | वह ग्वाले से कुत्ते को डाँटने को कह देगी | फिर गाय ने खरगोश को घोड़े के पास जाने की सलाह दी |

2 खरगोश ने घोड़े के पास जाकर क्या कहा ?

उ- घोडा थोड़ी दूर पर चर रहा था | उसके पास जाकर खरगोश ने उसकी मदद करने को कहा | उसने कहा कि एक कुत्ता उसके पीछे पड़ा है | वह उसे खा जाना चाहता है | वह दुल्लती मारकर कुत्ते के दाँत तोड़ दे |

3 सबसे निराश होकर खरगोश आखिर में किसके पास गया और उसे क्या उत्तर मिला ?

उ- सबसे निराश होकर खरगोश आखिर में बकरी के पास मदद के लिए गया | उसने बकरी से कहा कि वह अपने नुकीले सींगो से उसका पेट फाड़ दे | बकरी मिमिया कर बोली कि जब गाय , घोडा , गधा , कुछ नहीं कर पाये, तो वह क्या कर सकती है | गाय , घोड़ा और गधा तो उससे तगड़े है | वह तो सबसे छोटी और कमजोर है , वह तगड़े कुत्ते से कैसे मुकाबला कर सकती है |

4 अंत में खरगोश ने किस पर भरोसा किया ?

उ- खरगोश को किसी से भी सहायता नहीं मिली | बकरी ने भी कुत्ते के डर से मदद नहीं की,तो खरगोश ने सोचा कि वह मूर्ख है | उसे अपने मित्रों से सहायता मांगने नहीं जाना चाहिए | उसके मित्र भला कहाँ- कहाँ उसकी सहायता करेंगे | उसे अपनी टाँगो पर भरोसा करना चाहिए और वह बहुत तेज़ दौड़कर कुत्ते से बच सका |

Poonam Mehra